कार्यालय – प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर, जिला–जशपुर(छ.ग.)

// महत्वपूर्ण सूचना //

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर, जिला–जशपुर(छ.ग.) द्वारा **स्टेनोग्राफर हिन्दी(नियमित), स्टेनोग्राफर अंग्रेजी(नियमित), सहायक ग्रेड–03 (नियमित)** तथा **कोर्ट मैनेजर अमले के लिए संविदा स्टेनोग्राफर एवं संविदा सहायक ग्रेड–03** के पदों पर सीधी भर्ती के संबंध में समस्त पात्र 4,911 अभ्यर्थियों को पूर्व में उनके द्वारा आवेदित पदों एवं प्रस्तुत आवेदनों की संख्या को देखते हुए, उन्हें मात्र प्रारंभिक(स्क्रीनिंग) परीक्षा में सम्मिलित होने के उद्देश्य से नवीन अनुक्रमांक आबंटित किये गये थे तथा आबंटित नवीन अनुक्रमांक के संबंध में किसी भी पात्र अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार की आपत्ति होने पर, उनके द्वारा सूची अपलोड किये जाने के **07 दिवस के भीतर अर्थात् दिनांक 26.07.2024 के संध्या 5:00 बजे तक** कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जशपुर के शासकीय ई–मेल आई.डी.–**courtjashpur@gmail.com के माध्यम से अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर, जिला–जशपुर(छ.ग.) में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत** किये जाने हेतु समय प्रदान किया गया था। प्राप्त दावा/आपत्तियों के निराकरण किये जाने के उपरांत समस्त पात्र अभ्यर्थियों को **संशोधित नवीन अनुक्रमांक(संलग्न सूची अनुसार)** आबंटित किये जा रहे हैं तथा पूर्व में अभ्यर्थियों हेतु जारी **अनुक्रमांक सूची दिनांक 19.07.2024** को **निरस्त** किया गया है।

पूर्व में प्रारंभिक(स्क्रीनिंग) परीक्षा 2024 हेतु निर्धारित संभावित तिथि **10.08.2024 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर**, चयन समिति द्वारा परीक्षा तिथि में आंशिक संशोधन करते हुए, **दिनांक 11.08.2024 को प्रारंभिक(स्क्रीनिंग) परीक्षा 2024 दिन रविवार के प्रातः 10:00 से 11:00 बजे तक जशपुर के विभिन्न विद्यालयों/महाविद्यालयों** में आयोजित किया जाना सर्वसम्मति से निर्धारित किया गया है।

अभ्यर्थियों को प्रारंभिक(स्क्रीनिंग) परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने हेतु प्रवेश पत्र, परीक्षा संबंधी आवश्यक निर्देशों सहित शीघ्र ही शासकीय वेबसाईट पर पृथक से अपलोड किये जावेंगे।

स्थान– जशपुर।
दिनांक–**30.07.2024**

सही/–
अध्यक्ष, चयन समिति
कार्या. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जशपुर(छ.ग.)